# RAF SECTOR
## NEWS CLIP
## 24/07/2022

**TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING**

**Prabhat Khabar, Ghatsila, (JKD)**

# देश सेवा के लिए अनेक विकल्प हैं, लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़ें

**नरवा.** सुंदरनगर आरएएफ 106 बटालियन कैंप परिसर के ऑफिसर्स क्लब भवन में केरला समाजम मॉडल स्कूल के बच्चों संग आरएएफ 106 कमांडेंट निशित कुमार के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का आयोजन किया गया. सहायक कमांडेंट आरएन मल्लिक ने देश के एयरफोर्स, नेवी,आर्मी, सीआरपीएफ, रैपिड एक्शन फोर्स एवं अन्य सैन्य बलों के बारे में विस्तार से बच्चों को जानकारी दी. मौके पर आरएएफ 106 बीएन द्वारा पाकिस्तान के साथ हुए युद्ध में सीआरपीएफ की भूमिका पर फिल्म भी दिखाया गया. जिसे देख बच्चों ने जवानों की बहादुरी की प्रशंसा की.



बच्चों के साथ कमांडेंट निशित कुमार.



नृत्य प्रस्तुत करती छात्रा.



कार्यक्रम में मौजूद जवान.

**कमांडेंट ने बच्चों से उनके लक्ष्य के बारे में पूछे सवाल :** आरएएफ 106 बटालियन के कमांडेंट ने बच्चों से उनके लक्ष्य के बारे में कुछ सवाल पूछे. ज्यादातर बच्चों ने शिक्षक, इंजीनियर एवं डॉक्टर बनने की बात कही. वहीं, कमांडेंट श्री कुमार ने कहा कि देश सेवा के लिए और भी अनेक विकल्प हैं. लक्ष्य निर्धारित कर आगे बढ़े. उन्होंने सुझाव देते हुए कहा कि घर में माता-पिता एवं स्कूल में शिक्षक द्वारा सिखाये गये संस्कार के साथ बेसिक शिक्षा को हमेशा याद रखें. यह हमेशा भविष्य में काम आयेगा. कार्यक्रम के समापन पर अधिकारियों के साथ बच्चों ने भी पौधरोपण किया.

**कार्यक्रम में ये थे उपस्थित** : ज्योति क्लब के सुधा सिंह, शिक्षक राजेन सिंह, कमांडेंट निशित कुमार, द्वितीय कमांडेंट अनुज कुमार सिन्हा, डिप्टी कमांडेंट नगेंद्र सिंह, मनीशा पाठक, राकेश कुमार, आरएन मल्लिक, प्रवीण कुमार, टीएच मोनितोम्बी देवी तथा विश्व रंजन सहित अधीनस्थ अधिकारी व बच्चे शामिल थे. इस मौके पर काफी संख्या में बच्चे भी मौजूद थे.

Jagat Jranti, Jaipur, (RAJ)

# रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने किया 'नेत्र सुरक्षा' कैम्प का आयोजन



■ जगत क्रान्ति

जयपुर। जयपुर के आमेर में लालवास गांव स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन की ओर से नेत्र सुरक्षा कैंप का आयोजन किया गया। सुरक्षाबलों के परिवाजनों के लिए "नेत्र सुरक्षा अभियान" का उद्देश्य डायबिटिज से हुये आंखों के रोगों से लोगों को बचाना है। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल के नेतृत्व में विशेष नेत्र सुरक्षा अभियान के अन्तर्गत "नेत्र चैकअप" कैम्प का आयोजन किया गया। इस शिविर में आमंत्रित मुख्य अतिथि डॉ. अनस कुरैशी और डॉ. सुभ्राज्योती मोडक, टक्क्रएइख्र (टक्ठुक्ख्रग) ने उपस्थित सभी लोगो को आंखों की सुरक्षा के बारे मे बताया कि आंखे कुदरत का वो नायाब तौहफा है, जिससे दुनिया की रंगीनी अच्छी बुरी सभी चीजें देखी जा सकती है। आंखे तो सभी प्राणियों मे होती है, परन्तु मनुष्य जीवन में इनका अलग ही महत्व है। शरीर का सबसे ज्यादा कोमल अंग आंखे होती है, इसलिए इनकी सुरक्षा भी उतनी ही आवश्यक हो जाती है। कार्यक्रम के दौरान द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश सिंह पायल ने कार्यक्रम में उपस्थित जवानों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इसी क्रम में डॉ. सुनिल कुमार धाकड़, एसएमओ ने बाहर से आये हुए अतिथियों का स्वागत और आभार प्रकट किया। उन्होने शिविर में उपस्थित जवानों और परिवार जनों को आंखों का चैकअप और उनकी सुरक्षा रखने के बारे में विस्तार से बताते हुए आई चैकअप शिविर में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

**Patrika, Daulatpura, (RAJ)**

# पौधरोपण के साथ सार-संभाल का लिया संकल्प

पत्रिका हरियाळो राजस्थान
हरियाली से खुशहाली

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com


दौलतपुरा. ग्राम पंचायत खोराश्यामदास के चेतावाला गांव की श्मशान भूमि में पौधरोपण करते हुए जवान।

**दौलतपुरा.** ग्राम पंचायत खोरा श्यामदास के चेतावाला गांव की श्मशान भूमि में शुक्रवार को 83वीं बटालियन द्रुत कार्यबल के कमांडेंट प्रवीणकुमार सिंह व द्वितीय कमान अधिकारी सुरेश पायल के नेतृत्व में अमरुद, करंज, जामुन, आंवला, शीशम आदि के 200 से अधिक पौधे लगाए। कार्यक्रम में कमांडेंट सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे हमारे प्राणदाता हैं। हमें अधिकाधिक पौधे लगाने चाहिए। इस दौरान श्मशान भूमि में आरएएफ प्लाटून ने खोराश्यामदास सरपंच रजनी सिंगला, मुकेश सिंगला, उप कमांडेंट हरिनारायण मीणा, सहायक कमांडेंट श्रीराम शर्मा, निरीक्षक लालचंद घोसल्या, उपनिरीक्षक फ़ैलीराम मीणा, उप निरीक्षक भंवरलाल, उप निरीक्षक अंग्रेज सिंह, बीएल सिंगला, ओमप्रकाश मीणा, महेंद्र सिंगला, मोहन सैनी सहित अन्य जवानों ने भी पौधरोपण किया।

**रामपुरा- डाबड़ी.** रामपुरा डाबड़ी बस स्टैंड से जाहोता जाने वाले मार्ग के मध्य युवा जागृति मंडल के के मंडल अध्यक्ष ओमप्रकाश स्योराण, सूरजमल जाट के नेतृत्व में पौधरोपण किया। इस अवसर पर सुरेश कुमार, महेंद्र कुमार, विजयकुमार प्रजापत, फरीद गौरी आदि उपस्थित थे। (नि.सं.)

**हस्तेड़ा.** ग्राम जालिम सिंह का बास के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय में गुरुवार को हरियाळो राजस्थान के तहत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने पौधरोपण किया। साथ ही पौधों की सार-संभाल की जिम्मेदारी ली। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक संगीता सैनी, अशोक दायमा, पूजा वर्मा, लक्ष्मीनारायण यादव आदि उपस्थित थे। (एसं)

**जालसू.** ग्राम श्रीपुरा के पशु उप स्वास्थ्य केंद्र में पशुधन सहायक महेंद्र कुमार यादव के नेतृत्व में शुक्रवार को 21 पौधे लगाए। इस मौके पर कृष्ण भारद्वाज, महेंद्र यादव, गोपाललाल शर्मा, बोदूराम यादव, विकास भारद्वाज आदि ने पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी ली।(नि.सं.)

**मानपुरा माचैडी.** द रक्षा फाउंडेशन की ओर से शुक्रवार को हरयालो राजस्थान अभियान के तहत को राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी विद्यालय मानपुरा माचैडी में पंचायत समिति सदस्य नीतू नेगी, फाउंडेशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा, हिम्मत धानका, प्रधानाचार्य संतोष बुनकर, श्रवण मीणा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मधु शर्मा, अनिलकुमार नेगी आदि ने पौधरोपण किया।

**जैतपुरा.** ग्राम जैतपुरा में शुक्रवार को राजस्थान पत्रिका के हरयाळो राजस्थान व जेएसजीपी फाउंडेशन के तत्वावधान में जयमल यादव, मुकेश यादव, पिंकी यादव, मंगादेवी यादव, पप्पू यादव आदि ने पौधरोपण किया।

## पेड़-पौधे हमारे लिए जीवनदायक

**चौमूं.** शहर में जयपुर रोड पर आरएन नोवाल फाउंडेशन की ओर से सेवानिवृत्त जिला न्यायाधीश एलडी किराडू के सान्निध्य में पौधरोपण किया। उन्होंने कहा ने पेड़-पौधे हमारे लिए जीवनदायक है। आरोग्य योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय के डॉ. राकेशकुमार शर्मा ने कहा कि पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो जीवन सुरक्षित रहेगा। फाउंडेशन अध्यक्ष रामनिवास नोवाल, एडवोकेट पवनकुमार शर्मा, अभिषेक गुर्जर आदि मौजूद थे। (कासं.)


चौमूं में पौधरोपण करते हुए।


रामपुरा-डाबड़ी. पौधरोपण करते हुए।


हस्तेड़ा. राउप्रा विद्यालय जालिम सिंह का बास में पौधरोपण करते हुए शिक्षक व अन्य लोग।


जालसू. श्रीपुरा के पशु उपस्वास्थ्य केंद्र में पौधरोपण करते लोग।



मानपुरा माचैड़ी. राजकीय महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में पौधरोपण करते हुए।


जैतपुरा. जैतपुरा में पौधरोपण करते ग्रामीण।

खबर को विस्तार से पढ़ें
patrika.com

# Photos of Deployment/Fam-Ex/Other Activities of RAF







**106BN RAF TREE PLANTATION DRIVE, JAMSHEDPUR, (JKD)**

**सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।**